# प्रैस विज्ञप्ति

जिला कांगडा पुलिस द्वारा विभिन्न पदों (पुरूष आरक्षी, महिला आरक्षी व आरक्षी (चालक) की भर्ती के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया था। जो उम्मीदवार मैरिट में आये हैं उन्हें साक्षात्कार हेतु कार्यालय पुलिस अधीक्षक कांगड़ा स्थित धर्मशाला में दिनांक 15/10/2019 से 19/10/2019 तक, दिनांक 25/10/2019 से 26/10/2019 तथा 29/10/2019 से 30/10/2019 तक बुलाया गया है। सम्बन्धित उम्मीदवारों(संयुक्त मैरिट में आये) के साक्षात्कार बुलावा पत्र संबंधित थानों को भेज दिये गये हैं जो पुलिस थानों/चौकियों द्वारा, संबंधित उम्मीदवारों को उनके स्थाई पता पर उपलब्ध/प्रदान करवाये जायेंगे, यदि किसी कारणवश अभ्यर्थियों को साक्षात्कार बुलावा पत्र प्राप्त न हुआ हो तो वह अपने गृह पुलिस थाना में सम्पर्क कर सकता/सकते हैं। साक्षात्कार के लिये मैरिट सूची का, श्रेणीवार व तिथिवार विवरण निम्नलिखित है :–

| सक्षात्कार के लिए श्रेणीवार न्यूनतम अंकों (लिखित+उंचाई) का निरधारण निम्न प्रकार से होगा। जिन उम्मीद्वारों के अंक निम्न लिखित है या उससे अधिक हैं वही साक्षात्कार के लिए पात्र होंगे। | साक्षात्कार की तिथि |
|---|---|
| पुरूष सामान्य वर्ग(आई0आर0डी0पी0/अन्तोदय) = 45 | 15/10/19 |
| पुरूष सामान्य वर्ग (स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रित) = 40 | |
| पुरूष अन्य पिछडा वर्ग (आई0आर0डी0पी0/अन्तोदय) = 49 | |
| पुरूष अनुसूचित जाति (आई0आर0डी0पी0/अन्तोदय) = 45 | |
| पुरूष सामान्य वर्ग (अनारक्षित) = 49 | 16/10/19 |
| पुरूष सामान्य वर्ग (अनारक्षित) = 49 | 17/10/19 |
| पुरूष अनुसूचित जाति (अनारक्षित) = 49 | 18/10/19 |
| पुरूष अन्य पिछडा वर्ग (अनारक्षित) = 49 | 19/10/19 |
| पुरूष अन्य पिछडा वर्ग (अनारक्षित) = 49 | 25/10/19 |
| पुरूष अनुसूचित जाति (गृह रक्षक) = 41 | |
| पुरूष सामान्य वर्ग (गृह रक्षक) = 42 | |
| पुरूष अनुसूचित जाति(स्वतंत्रता सेनानियों केआश्रित) =37 | |
| पुरूष अनुसूचित जनजाति(आई0आर0डी0पी0/अन्तोदय) = 47 | |
| पुरूष अनुसूचित जनजाति (अनारक्षित) = 49 | 26/10/19 |
| महिला सामान्य भूतपूर्व सैनिकों की आश्रित = 43 | |
| महिला अन्य पिछडावर्ग(अनारक्षित) = 45 | |

| सक्षात्कार के लिए श्रेणीवार न्यूनतम अंकों (लिखित+उंचाई) का निरधारण निम्न प्रकार से होगा। जिन उम्मीद्वारों के अंक निम्न लिखित है या उससे अधिक हैं वही साक्षात्कार के लिए पात्र होंगे। | साक्षात्कार की तिथि |
|---|---|
| महिला सामान्य आई0आर0डी0पी0/अन्तोदय = 43 | 29/10/19 |
| महिला सामान्य (अनारक्षित) = 45 | |
| महिला अन्य पिछडावर्ग(आई0आर0डी0पी0/अन्तोदय) = 46 | |
| महिला अन्य पिछडावर्ग(भूतपूर्व सैनिकों की आश्रित) = 49 | |
| महिला अनुसूचित जाति(आई0आर0डी0पी0/अन्तोदय) = 45 | |
| महिला अनुसूचित जाति(अनारक्षित) = 45 | 30/10/19 |
| महिला अनुसूचित जाति(भूतपूर्व सैनिकों की आश्रित) = 42 | |
| महिला अनुसूचित जनजाति(अनारक्षित) = 45 | |
| पुरूष चालक सामान्य वर्ग(अनारक्षित) = 42 | |
| पुरूष चालक सामान्य वर्ग(आई0आर0डी0पी0/अन्तोदय)= 44 | |
| पुरूष चालक अन्य पिछडा वर्ग(अनारक्षित) = 44 | |
| पुरूष चालक अनुसूचित जाति(अनारक्षित) = 33 | |
| पुरूष चालक अनुसूचितजनजाति(आई0आर0डी0पी0) = 35 | |

साक्षात्कार में आने वाले उम्मीद्वार उपरोक्त दर्शायी गई तिथियों के अनुसार कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जिला कांगड़ा स्थित धर्मशाला में प्रातः 08:00 बजे उपस्थित होंगे तथा अपने साथ निम्नलिखित आवश्यक, मूल (Original) दस्तावेज व प्रत्येक दस्तावेज की 01 सत्यापित प्रतिलिपि भी साथ लायेगें:–

1. दसवीं कक्षा का प्रमाण पत्र।
2. बाहरवी कक्षा का प्रमाण पत्र।
3. उच्च शिक्षा प्रमाण पत्र, यदि कोई हो तो ।
4. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग, आई.आर.डी.पी. होम गार्ड, स्वतन्त्रता सेनानी के आश्रित अपने साथ प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी वैध प्रमाण पत्र व आवश्य लायें व भूतपूर्व सैनिकों के आश्रित महिला उम्मीदवारों को अपने साथ, अपने पिता की सेवा भारमुक्ति पुस्तक (Discharge book) लाना अनिवार्य है।
5. प्राधिकृत अधिकारी द्वारा जारी किया गया हिमाचली बोनाफाईड प्रमा.ा–पत्र।
6. रोजगार कार्यालय में पंजीकरण का मूल प्रमाण पत्र।
7. एन0सी0सी0 का "B" अथवा "C" प्रमाण पत्र, यदि कोई हो।
8. गृह रक्षक उम्मीदवार अपने साथ संबंधित समादेशक (गृह रक्षक) द्वारा यथावत जारी किया गया प्रमाण–पत्र, जिसमें यह दर्शाया गया हो कि उम्मीदवार ने कम से कम 02 वर्ष गृह रक्षक के तौर पर कार्य किया है।
9. दो प्रतियां पासपोर्ट आकार के छायाचित्र(फोटोग्राफ)।
10. वैध वाहन चालन (भारी व हल्का) लाईसैन्स (केवल चालक अभ्यर्थियों के लिए)।
11. वैध प्रमाण पत्रों की प्रतिलिपियों का एक सेट ।

नोट : साक्षात्कार में आने वाले उम्मीद्वारों के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश:–

1. विलम्ब से आने वाले उम्मीदवारों को साक्षात्कार में प्रवेश नहीं होने दिया जायेगा।
2. कोई भी उम्मीदवार साक्षात्कार के समय मोबाईल फोन या अन्य किसी इलेट्रॉनिक वस्तु का प्रयोग नहीं करेगा और न ही साथ रखेंगे, यदि किसी उम्मीदवार के पास इस तरह की वस्तु को पाया जाता है उसे तत्काल प्रभाव से साक्षात्कार की प्रकिया से बाहर कर दिया जायेगा व उसकी उम्मीदवारी भी रदद् कर दी जाएगी।
3. कोई भी उम्मीदवार साक्षात्कार के समय साक्षात्कार समिति के सदस्यों के ऊपर किसी प्रकार का राजनैतिक व प्रशासनिक प्रभाव नहीं डलवाएगा यदि किसी उम्मीदवार द्वारा यह कृत्य किया जाता है उसे तत्काल प्रभाव से साक्षात्कार की प्रकिया से बाहर कर दिया जायेगा व उसकी उम्मीदवारी भी रदद् कर दी जाएगी।
4. समस्त उम्मीद्वारों को यह भी स्पष्ट निर्देश दिया जाता है कि वे निर्धारित तिथि को ही साक्षात्कार के लिए आएंगे। निर्धारित तिथि से पहले व पश्चात् उम्मीद्वारी मान्य नहीं होगी।
5. उम्मीदवार अपने साथ लिखने के लिए नीला/काला बॉल पैन तथा क्लिप बोर्ड भी लायेंगे।
6. समस्त उम्मीदवारों को यह भी सूचित किया जाता है कि साक्षात्कार के लिए आने–जाने के लिए कोई भी यात्रा भत्ता व दैनिक भत्ता इस कार्यालय से नहीं दिया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक
कांगड़ा स्थित धर्मशाला